Commission for
Public Complaints Against the
Royal Canadian Mounted Police

Commission des
plaintes du public contre la
Gendarmerie royale du Canada

कमीशन फॉर पब्लिक कंपलेंट्स अगेंस्ट दि आर सी एम पी

www.cpc-cpp.gc.ca

पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही के जरिये जन विश्वास सुनिश्चित करना

Canada

हम कौन हैं और क्या करते हैं

कमीशन फॉर पब्लिक कंपलेंट्स अगेंस्ट दि आर सी एम पी, (सी पी सी)एक स्वतंत्र संघीय एजेंसी है, जिसकी स्थापना आर सी एम पी के सदस्यों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन के दौरान उनके आचरण के विरुद्ध की गई शिकायतें करने और ऐसी शिकायतों की समीक्षा करने के उद्देश्य से की गई है। हमारा मिशन है, पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही के जरिये जन विश्वास सुनिश्चित करना। हमारा संगठन आर सी एम पी का हिस्सा नहीं है।

सी पी सी एक थर्ड पार्टी के रूप में कार्य करता है, न कि शिकायतकर्ता(आप) अथवा आर सी एम पी के हिमायती के तौर पर, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायतों की जांच समय पर न्यायोचित एवं निष्पक्ष रूप से हो और पुलिस कार्यों से संबंधित समस्याओं की पहचान करने, उन्हें ठीक करने तथा उन्हें रोकने के उद्देश्य से निष्पक्ष जांच हो और सिफारिशें की जा सकें।

शिकायत का अर्थ किसी ऐसे मुद्दे या चिंता से है, जो आर सी एम पी के बारे में जनता के किसी सदस्य द्वारा सी पी सी के समक्ष लाया गया हो।

- कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे किसी आर सी एम पी सदस्य के आचरण के बारे में कोई सरोकार हो या तो शिकायत दर्ज कर सकता है या फिर **अनौपचारिक समाधान** (इनफॉर्मल रेजॉल्यूशन) का अनुरोध कर सकता है, और ऐसा करने पर सी पी सी का विश्लेषक शिकायतकर्ता और आर सी एम पी के बीच समाधान में सहायता करेगा।
- सामान्यतः शिकायतें सी पी सी द्वारा **जांच** के लिए आर सी एम पी को भेज दी जाती हैं। आर सी एम पी शिकायत की जांच के परिणामों के बारे में आपको, शामिल पुलिसकर्मी(कर्मियों) और सी पी सी को सूचित करता है।

यदि आप आर सी एम पी की रिपोर्ट से सहमत नहीं हैं, तो आप सी पी सी से अपनी शिकायत की स्वतंत्र सिविल **समीक्षा** (रिव्यू) करने को कह सकते हैं:

- सी पी सी, शिकायत के बारे में आर सी एम पी द्वारा की गई जांच की समीक्षा करेगा और शायद आगे छानबीन भी करे।
- समीक्षा के बाद, यदि सी पी सी संतुष्ट हो जाता है कि आर सी एम पी ने शिकायत पर ठीक से कार्यवाही की है, तो एक अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी जाती है।

यदि सी पी सी संतुष्टट नहीं होता, तो:

- एक अंतरिम रिपोर्ट चिंताओं को रेखांकित करते हुए, आर सी एम पी के कमीशनर और मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी को भेजी जाती है;
- आर सी एम पी कमीशनर अंतरिम रिपोर्ट पर विचार करता है और चेयर ऑफ सी पी सी तथा मिनिस्टर को सूचित करता है कि सी पी सी के निष्कर्षों एवं सिफारिशों के प्रत्युत्तर में कौन सी कार्यवाही की जाएगी, या आगे कोई कार्यवाही न करने के कारणों के बारे में सूचित करता है; और
- सी पी सी एक अंतिम रिपोर्ट तैयार करता है, जिसमें आर सी एम पी कमीशनर की प्रतिक्रिया तथा सी पी सी की अंतिम कमिश्नर शामिल की जाती हैं।
- अंतिम रिपोर्ट की प्रतियां आपको, मिनिस्टर को, आर सी एम पी कमीशनर को, तथा शामिल आर सी एम पी सदस्यों को भेजी जाती हैं।

निम्नलिखित तरीकों से शिकायत की जा सकती है या अनौपचारिक समाधान के लिये अनुरोध किया जा सकता है:

संलग्न फार्म भरकर और उसे डाक द्वारा निम्नलिखित को भेजकर:

Commission for Public Complaints Against the RCMP
P.O. Box 88689
Surrey, BC V3W 0X1

या यहां फैक्स करके: 1-604-501-4095

यहां ई मेल करके: complaints@cpc-cpp.gc.ca

हमारी वेबसाइट www.cpc-cpp.gc.ca पर "Make a Complaint" बटन पर क्लिक करके

कैनेडा में किसी भी जगह से टेलीफोन करके 8.00 बजे प्रातः से लेकर 4.00 बजे सायं(प्रशांत समय)

1-800-665-6878

TTY: 1-866-432-5837

सी पी सी के बारे में शिकायत कैसे करें या अपनी शिकायत की छानबीन की समीक्षा कैसे करवाएं इस बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएं:

www.cpc-cpp.gc.ca

हम अंग्रेजी और फ्रेंच में सेवाएं प्रदान करते हैं। यह विवरणिका, हमारा शिकायत फार्म और दुभाषिया सेवाएं दूसरी भाषाओं में भी उपलब्ध हैं।

शिकायत फार्म

आपकी जानकारी

नामः _____

पताः _____

यूनिट/अपार्टमेन्ट नंबरः _____ शहर _____

प्रॉविंसः _____ पोस्टल कोड _____

टेलीफोन नंबर 1: _____

टेलीफोन नंबर 2: _____

ई–मेलः _____

आर सी एम पी टुकड़ी या सदस्य यदि मालूम होः _____

घटना की तारीखः(दिन/माह/वर्ष): _____/_____/_____

अपनी शिकायत का ब्यौरा लिखें:

_____

यदि आवश्यक हो, तो अतिरिक्त पन्ने जोड़ें। आपकी जानकारी व्यक्तिगत जानकारी बैंक सी पी सी पी पी यू 005 में रखी जाएगी, उसका प्रयोग आपकी शिकायत की छानबीन व समीक्षा करने में किया जाएगा और उसे आर सी एम पी को बताया जाएगा।